भजन

तर्ज : दिल देता है रो–रो दुहाई

मीठी–मीठी सूरत वाले, राजश्यामा सुन्दर हैं
रूहों पी लो रस भरे प्याले राजश्यामा सुन्दर हैं

1. कैसी शोभा, कैसी फबन है, गौर वर्ण अति नूर बदन है
अंग–अंग में नूर उजियारे राजश्यामा सुन्दर हैं

2. मुख मण्डल की नूरी आभा, रस अधरन की मीठी मधुरता
गाल गहरी लालक वाले राजश्यामा सुन्दर हैं

3. जामा, पटुका, केसरी ईजार, पाग पिछोरी करे झलकार
देखो जगमग भूखन रंगीले राजश्यामा सुन्दर हैं

4. श्यामा जी आनन्द स्वरूपा, दुल्हन सुन्दर रूप अनूपा
चारों चरण ये जीवन प्यारे राजश्यामा सुन्दर हैं